# मिलता है सच्चा सुख केवल ......

मिलता है सच्चा सुख केवल, भगवान् आपके चरणों में ।।
यह विनती है पल–पल छिन–छिन, रहे ध्यान आपके चरणों में ।।
मिलता है सच्चा सुख .......

चाहे बैरी सब संसार बने, चाहे जीवन मुझ पर भार बने ।
चाहे मौत गले का हार बने, रहे ध्यान आपके चरणों में ।।
मिलता है सच्चा सुख .......

चाहे अग्नि में मुझे जलना हो, चाहे काँटो पे मुझे चलना हो ।
चाहे छोड़ के देश निकलना हो, रहे ध्यान आपके चरणों में ।।
मिलता है सच्चा सुख .......

चाहे संकट ने मुझे घेरा हो, चाहे चारों तरफ अँधेरा हो ।
पर मन नहिं डग मग मेरा हो, रहे ध्यान आपके चरणों में ।।
मिलता है सच्चा सुख .......

जिव्हा पर तेरा नाम रहे, तेरा ध्यान सुबह और शाम रहे ।
तेरी यादों में आठों याम रहे, रहे ध्यान आपके चरणों में ।।
मिलता है सच्चा सुख .......

